तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 5 सितंबर 2024



12 गुजरात की क्रिएटिव लर्निंग कार्यशाला...





12 शालेय शिक्षा शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक...







श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc(N)

M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 7869513804

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com


# तीजहारिनों का मायका जाने का सिलसिला शुरू, बसों और बाजार में बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तीजा का पर्व नजदीक आते ही तीजहारिनों का मायका जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। साधनहीन लोग अपने वाहनों से आवागमन कर रहे है वहीं साधन विहीन लोग बसों से आना जाना कर रहे है, जिसके चलते बसों में भीड़ भी बढ़ गई है। भीड़ होने के चलते बसों में जगह नहीं होने के कारण तीजहारिनें बस स्टैंड में बस का इंतजार करते हुए नजर आएं। तीजहारिनें गुरूवार को शाम करूभात खाकर व्रत रखेंगी, जो शुक्रवार दिन रात उपवास रखकर शनिवार को गौरी गणेश, शंकर की पूजा अर्चना कर व्रत तोड़ेगी। पोला के बाद 6 सितंबर को तीजा उपवास है। पर्व को लेकर ग्रामीण अंचल में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। कई ईलाके में बहनों के लिए सार्वजनिक स्तर पर विविध कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। बस स्टैंड में बस के इंतजार में बैठी महिलाओं ने बताया कि हम लोग तीजा मनाने के लिए मायके जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे है। बसों में भीड़ कुछ ज्यादा ही नजर आ रही है। मुख्य मार्ग और स्थानीय स्तर के लिए बसें मिल रही है, भीड़ होने के कारण इंतजार करना पड़ रहा है। तीजहारिनें बस के इंतजार में बस स्टैंड में बैठी हुई नजर आई, वहीं पर्व को देखते हुए बस संचालकों ने बसों की संख्या बढ़ा दिया है। बस संचालकों का कहना है कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों के फेरे को बढ़ाया गया। दूरी के हिसाब से तय किराया लिया जा रहा है।

## गुरुवार रात शाम करूभात खाकर व्रत रखेंगी



### ज्वेलरी व कपड़ों की दुकानों में भीड़

तीजहारिनों के लिए कांकेर का बाजार सजकर तैयार है। कपड़े, ज्वेलरी, फैंसी, आर्टिफिशियल, किराना आदि दुकानों में खूब ग्राहकी देखी जा रही है। तीजहारिनों के लिए उनके पालकों द्वारा गहने, ज्वेलरी, साड़ी आदि की जमकर खरीदी की जा रही है, वहीं ज्वेलरी, साड़ी आदि की जमकर खरीदी की जा रही है। कपड़ा व्यापारियों ने बताया कि पोला पर्व से लेकर शनिवार तक कपड़ो का व्यापार होगा और सबसे ज्यादा साड़ियों की डिमांड रहेगी।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र महेंद्रपुर में मनाया गया पोषण माह

**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी केन्द्र महेन्द्रपुर में 4 सितंबर को पोषण माह का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्र पर बच्चों की लंबाई व उनका वजन नापा गया और गर्भवती महिलाओं को आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां खाने की सलाह दी गई। महिलाओं को बताया गया कि जन्म के बाद 6 माह तक बच्चों को मां का दूध पिलाएं, उसे ऊपरी आहार भी 6 माह बाद दिया जाए। मां का दूध बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है। मितानिन अनूपा नरेटी, आंगनबाड़ी सेविका मीना उईके, शन्ता उईके, होलिका नरेटी, मंगोतीन नरेटी, चंद्रकांता पूड़ो, जमिला आंचला, सताय उइके, प्रभा नरेटी, मुकेश्वरी नरेटी एवं बच्चे उपस्थित रहें।

### मत्स्य पालकों को मछली बीज,चारा का किया वितरण




**सरोना।** नरहरपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम मांडाभर्री में मछली पालकों को नरेगा वाले डाबरी, स्वयं के डबरी और सामूहिक तालाबों में मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग ने गांव के समूह व मछली पालकों को जानकारी दिया। किसानो को तालाब की तैयारी, बीज का चयन, तालाब की देखरेख, भोजन प्रबंधन, रोग व रोकथाम को लेकर जागरूक किया। जिले के 25 ग्राम के 230 किसानो को 460 किलो मछली बीज के साथ 1 हजार किलो चारा का वितरण किया गया है।

### दिव्यांगजनों को मिला व्हीलचेयर एवं बैसाखी

**कांकेर।** जिला पंचायत परिसर में जिले के दो दिव्यांगों को बैटरी चलित व्हीलचेयर और बैसाखी प्रदान किया गया। जिले में पहली बार इस तरह की बैटरी चलित व्हीलचेयर का वितरण किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम शामतरा निवासी दयाराम कश्यप पैर से और नगरपालिका आमापारा वार्ड के अभय कुमार भी पैर से दिव्यांग हैं। दोनों दिव्यांगों ने बताया कि अपनी दिनचर्या में आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया

**दुर्गुकोंदल।** स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में साक्षरता सप्ताह अभियान के तहत 3 सितंबर को देशव्यापी साक्षरता एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के तृतीय दिवस को संस्था के प्राचार्य एसडी दास, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, शिक्षकों और पंचायत जनप्रतिनिधियों दुर्गुकोंदल के सरपंच पार्वती शोरी, खुट्गांव सरपंच लिना नरेटी की उपस्थिति में उल्लास कार्यक्रम पर चर्चा और एसएमडीसी अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों को उल्लास सपथ दिलवाया गया। इस बीच छात्रों ने साक्षरता लाने के लिए उल्लास गीत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सियासत : विधायक, पूर्व विधायक व पदाधिकारियों की उपस्थिति में बनाए गए सदस्य

# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता ने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व डॉ. जायसवाल को सदस्य बनाकर शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ जिला, मंडल, मोर्चा और प्रकोष्ठों को सदस्यत बनाने दिया गया लक्ष्य

भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान 2024 को लेकर जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ के प्रभारी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले और विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में हुआ। सदस्यता अभियान के महापर्व को सफल बनाने के लिए संकल्पित होने आव्हान किया।

जिला स्तरीय सदस्यता अभियान के शुभारंभ पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना हमारे लिए सबसे बड़े गर्व की बात है। भाजपा के विस्तार और मजबूती के लिए ज्यादा-से-ज्यादा सदस्य बनाएंगे और सदस्यता का पूरा डाटा रखेंगे। पार्टी की सभी जिला, मंडल, मोर्चा और प्रकोष्ठों को सदस्यता का निर्धारित लक्ष्य पूरा करना है, इसके लिए कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों तक जाना है। अपने-अपने दायरे में अपनी ज्यादा-से-ज्यादा सदस्यता हो। सबको बताना होगा कि भाजपा का सदस्य बनना आज बहुत बड़ी बात है, क्योंकि आप उस पार्टी के सदस्य हैं और उस पार्टी के सदस्य बन रहे हो, जो पार्टी दुनिया में नंबर वन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करना है, तो इस सदस्यता अभियान को बहुत ही गंभीरता से लेना है। इसके लिए जितना ज्यादा आप समय देंगे, प्रवास करेंगे, उतने ज्यादा आपके सदस्य बनेंगे। सभी को अपने पास सदस्यता का रिकॉर्ड रहना चाहिए ताकि आगे चलकर हम इन सदस्यों का प्रशिक्षण करवा सकें। जिला स्तरीय कार्यक्रम की प्रभारी पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने कहा कि जिले में सदस्यता की पिछली संख्या को उसी तरह पार करना है, जैसे हमने छत्तीसगढ़ की सरकार हमेशा से ज्यादा सीटें जीतकर बनाई है। इसके लिए हमें उन जगहों पर जाना है, जहां हमारे कमजोर बूथ हैं। जिन समाजों में हम पहुंच नहीं पाए, जिन बस्तियों में, वार्डों में हम पहुंच नहीं पाए, जहां पार्टी कमजोर है, ऐसी सभी जगहों पर अगर प्रयास करेंगे तो हम सदस्यता अभियान में आगे बढ़ पाएंगे। सदस्यता हमारा मूलमंत्र है। आप जितने ज्यादा सदस्य बनाएंगे, जितने ज्यादा सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगे, उतनी ही ज्यादा मजबूती से हम पार्टी को मजबूत करेंगे।




### चिकित्सक व अधिवक्ता को सदस्य बनाकर शुरू हुआ अभियान

जिला स्तरीय सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की उपस्थिति में शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ. राजीव जायसवाल, अधिवक्त संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र दवे के अलावा भाजपा के पदाधिकारी व सदस्य सहित गोंड, महार, हल्बा, यादव, कलार, साहू व अन्य समाज के लोगो को भाजपा का सदस्यता दिलाकर भाजपा से जोड़ा गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला के पदाधिकारी व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना होगा

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि हमें सदस्यता अभियान में पूरी तन्मयता और लगन से काम करना है। प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाओं को सदस्य बनाना है। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत मिल रही प्रोत्साहन राशि का लाभ हमें इस अभियान में मिलेगा, क्योंकि महिलाएं प्रदेश सरकार की योजनाओं से खुश हैं और वे भाजपा से जुड़कर सेवा करने आतुर हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एकमात्र पार्टी संपूर्ण दुनिया में है जो कैडर बेस्ड है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की सामूहिकता से चलती है। नए-पुराने कार्यकर्ताओं की चिंता करती है, एक अच्छी दिशा देने का काम करती है। आभार प्रदर्शन सदस्यता अभियान के जिला संयोजक गौतम उइके ने किया।

## अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को उड़ीसा से किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

थाना पखांजुर के ईलाके में नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पखांजुर पुलिस ने उड़ीसा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पखांजुर पुलिस ने बताया कि पीड़िता के परिजन ने शिकायत दर्ज कराया था कि नाबालिक पुत्री को 2 जुलाई की रात 11 बजें 3 जुलाई के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देश, एएसपी प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन और एसडीओपी रवि कुमार के पर्यवेक्षण में पखांजुर था में गुम इंसान क्र. 17/24 एवं अपराध क्रमांक 136/24 धारा 137 (2) बीएनएस कायम किया गया और आरोपी की तलाश शुरू किया गया। पखांजुर थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना का एक टीम का गठन कर अपहृता की पतासाजी के लिए मोबाईल लोकेशन के आधार पर पुलिस रवाना हुई। संदेही का मोबाईल लोकेशन उड़ीसा दिखा रहा था। उड़ीसा के नौरंगपुर जिला के ग्राम भारसुण्डीटोला पहुंचकर अपहृता को आरोपी विप्लव ढाली के कब्जे से बरामद कर पखांजुर थाना लाया गया। पूछताछ करने पर पीड़िता ने बताया कि आरोपी नौरंगपुर जिला के ग्राम भारसुण्डीटोला ▶▶| शेष पेज 10 पर

# तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिले, वही व्यपारियों को उठाना पड़ रहा है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सावन का महिना खत्म होने के बाद से अंचल में तेज बारिश का सिलसिला थम स गया था। तेज धूप और उमस से लोग परेशान हो गए थे। खेत खलिहान में सूखा की स्थिति निर्मित हो जाने से किसान के चेहरे एक बार फिर चिंता की लकिर आ गई थी। बुधवार 4 सितंबर को सुबह हुई तेज बारिश से किसानो को काफी राहत मिली है। वही शहर में कई जगहो पर पानी भरने से लोगो को काफी मशक्कत करना पड़ा।

कांकेर शहर व अन्य ईलाके में 4 सितंबर को सुबह 7 बजें मौसम अचानक बदल गया और बादल बरसने लगे। सुबह झमाझाम बारिश का माहौल देखने को मिला और यह बारिश लगभग 2 घंटे तक हुई। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे वही कांकेर के नए बस स्टैंड के सामने मिनी स्टेडियम की सीढ़ियों पर बनी दुकानों पर पानी भरने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। दो घंटे की झमाझम बारिश से सी-मार्ट और मिनी स्टेडियम की ओर घुटने से ऊपर तक पानी भर गया था। दुकानो में पानी घुस जाने से व्यापरियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गुस्साए दुकानदारों ने सांकेतिक चक्काजाम कर दिया था। यह पहली बार नही जब पानी गिरने से दुकानो में पानी घुस रहा है, जब भी तेज बारिश हो रही है तब तब दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों ने जैसा तैसा कर अपने दुकानों से पानी को बाहर निकाला। पानी को निकालने के लिए नगर पालिका की टीम लगी रही। किसानो के लिए यह बारिश ने बहुत ही ▶▶| शेष पेज 10 पर








# जिले में बाइक चोरों का बढ़ा आतंक, घर के सामने से रात को हो रही लगातार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में बाईक चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है और अगस्त माह में लगभग बाईक चोरी की आधा दर्जन से ज्यादा घटनाएं हुई है और एक भी मामले का खुलासा किसी भी थानेंदार के द्वारा नहीं किया जा सका। थानेदारों का सूचना तंत्र कमजोर होने से ही उनके क्षेत्रों में इस तरह की घटनाओं का इजाफा होता है और घटनाओं का खुलासा भी नहीं हो पाता है। बीती रात को नरहरपुर थाना के ग्राम भनसुली में घर के बरामदे में रखी मोटर सायकल पार हो गई।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे भनसुली निवासी 46 वर्षीय निरबल राम यादव पिता चमरू राम यादव ने पुलिस को बताया कि मैं 2 सितंबर की रात्रि में खाना खाकर सह परिवार सो गये थे और मेरी मोटर सायकल घर के बरामदे में रखी थी। मैं मध्य रात्रि लगभग एक बजे बाथरूम के लिए बाहर निकला तो बरामदा में रखी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्स 8440 काला लाल रंग का नहीं थी। मैने आसपास पता लगाया, परंतु कुछ भी पता नहीं चल पाया। मैंने 2023 में धमतरी से कलेश्वर साहू से 40 हजार रूपएं में मोटर सायकल खरीदा था और उसकी आज की स्थिति में कीमत कम से कम 25 हजार रूपएं होगी। मेरी गाड़ी को रात में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। विदित ▶▶| शेष पेज 10 पर





# ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग में डांगरा व पुरुष वर्ग में हामतवाही प्रथम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम नवागांव में पोला पर्व को लेकर तीन दिवसीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जय बूढ़ादेव क्लब नवागांव एवं ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह के कार्यक्रम में अतिथि दुर्गुकोंदल भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, कगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय पटेल, पिछड़ा वर्ग समाज के जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के आमंत्रित सदस्य एवं एवं भूतपूर्व सरपंच रामचंद्र कल्लो, जनपद सदस्य एवं भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष जोहन गावड़े, ग्राम पंचायत चिहरो के सरपंच कृष्ण कुमार दुग्गा, ग्राम पंचायत हानपतरी के सरपंच बिसोन रतन नरेटी, खुटगाव के सरपंच रीना नरेटी एवं अन्य सदस्यों के उपस्थिति में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 40 टीमों ने महिला पुरुष वर्ग में भाग लिए जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम हामतवाही, दूसरा स्थान गुडफेल, तीसरा मानपुर सिवनी और चौथा स्थान सोनपाल वहीं महिला वर्ग में प्रथम डांगरा, द्वितीय नवागांव, तृतीय भंडारडिगी, चतुर्थ चिहरो रहा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेलकूद का होना बहुत ही सौभाग्य की बात है। खेलकूद से मानसिक शारीरिक बौद्धिक एवं मेल मिलाप आपसी मेलजोल संबंध एक दूसरे से बना रहता है। खेलकूद प्रतियोगिता से छोटे बच्चों को सीखने का मौका मिलता है । ग्रामीण महिला खेल को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम हिंगनपुरी प्रथम एवं दूसरा नवागांव को विजय मिला।

## सीएसईबी विभाग की लापरवाही उजागर, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# लो वोल्टेज से ग्रामवासी परेशान, धान व मक्का की फसल हो जाएगी चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत मेड़ो के हलबपारा ईलाके में लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामवासी परेशान है। लो वोल्टेज होने के चलते मोटर नहीं चल पा रही, जिससे धान की फसल के चौपट होने का अंदेशा बना हुआ है।

मेड़ो के हलबापारा निवासी रामनारायण सिंह, दुखुराम, राज बाबू, बच्चन सिंहा, नारायण सिंहा, भगवानी राम सिंहा एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से ग्राम मेड़ो के हलबापारा में ट्रांसफार्मर कमजोर होने के कारण बिजली का वोल्टेज सही नहीं मिल रहा है जिससे लो वोल्टेज से काफी परेशानी हो रही है। वर्तमान में 25 एपिंयर का ट्रांसफार्मर स्थापित है, जिसे पूरी तरह से बिजली नहीं मिल रही है। ट्रांसफार्मर के वोल्टेज को बढ़ाने को लेकर कई बार विभाग के अमले से माँग किया गया है, परंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कृषकों की खरीफ फसल धान, मक्का एवं अन्य फसल एवं रवि फसल में बोर नहीं चलने से धान सूखने की स्थिति में है। यहीं हाल रहा तो धान एवं मक्के की फसल पूरी तरह से चौपट हो जाएगी। बारिश का ठिकाना नहीं है, फसल के लिए जब पानी की जरूरत होती है, तब बारिश नहीं होती है, इसलिए बोर पर इस क्षेत्र के किसानों को निर्भर रहना पड़ता है। वोल्टेज का यहीं हाल रहा तो ऐसे में बोर का चलना मुश्किल है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा लो वोल्टेज से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बच्चे परेशान है। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अमले को ज्ञापन सौंपकर 63 एम्पियर के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया गया है। विभाग इसके बाद भी सुनवाई नहीं करता तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

सीएसईबी के कनिष्ठ यंत्री नरोत्तम राठिया ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी होने के कारण वोल्टेज की समस्या है, बहुत जल्दी सुधार किया जाएगा, वहीं ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के एंपियर को बढ़ाने की माँग पर कहा कि उसकी जरूरत नहीं है, तकनीकि जो खराबी है, उसके ठीक हो जाने पर वोल्टेज की दिक्कत नहीं आएगी।




## पाठक सूचना

कांकेर जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### आपसी राजीनामा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मामलों का कराएं निराकरण

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सुश्री गायत्री साय व्यवहार न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन में आयोजित नेशनल लोक अदालत 21 सितम्बर के संबंध में जिला के नगर पालिका, समस्त बैंक के शाखा प्रबंधक, दूरसंचार विभाग एवं विद्युत विभाग के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी दिनांक 21 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए नगर पालिका परिषद में लंबित जल कर, दुकान कर, मकान कर, अन्य कर से संबधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग के बिल वसूली से संबंधित प्रकरण तथा समस्त बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

### छात्रावास अधीक्षक परीक्षा 2024 मयूरडोंगर में वीक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



कोण्डागांव। आगामी छात्रावास अधीक्षक परीक्षा-2024 के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस सिलसिले में व्यापमं छत्तीसगढ़ के निर्देशन और कलेक्टर कोंडागांव के मार्गदर्शन में, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूरडोंगर में संकुल के सभी शिक्षकों के लिए वीक्षक कार्य के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में केंद्र अध्यक्ष मुकेश सैमसन, सहायक केंद्र अध्यक्ष यसवंत देवांगन, और ऑब्जर्वर फूलधर देवांगन ने उपस्थित शिक्षकों को बारीकी से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, और विद्यालय के सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के दौरान वीक्षक कार्य में शिक्षकों की दक्षता को और भी मजबूत करना था, जिससे परीक्षा सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

### श्रमिकों के पंजीयन के लिए मोबाइल कैम्प का आयोजन

**कोण्डागांव।** जिले के विभिन्न विकासखण्डों में श्रम विभाग के द्वारा मोबाइल कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत कोण्डागांव विकासखण्ड में श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाइल कैम्प का आयोजन 2 सितम्बर को चिखलपुटी, सोनाबाल एवं बनियागांव में 5 सितम्बर को सम्बलपुर, कुसमा एवं कचोरा में, 9 सितम्बर को दहीकोंगा, राजागांव एवं बाखरा में होगा। 13 सितम्बर को केवंटी, मसोरा बड़ेपारा, मसोरा जामकोट पारा में, विकासखण्ड माकड़ी अंतर्गत श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाईल कैम्प का आयोजन 16 सितम्बर को केरावाही, माझीबोरण्ड, एवं बिवला में, 18 सितम्बर को शामपुर मारागांव एवं छोटेसलना में होगा। फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत 20 सितम्बर को जैतपुरी, कोसागांव एवं गदराबेड़ा में, 23 सितम्बर को बोरगांव, सिंगारपुरी एवं चांदागांव में किया जाएगा। केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत 25 सितम्बर को मस्सुकोकोड़ा, चारभाटा एवं भर्रीपारा में, 27 सितम्बर को सिकागांव, व्यापारीपारा एवं पिपरा में होगा।

### कलेक्टर ने व्यापमं परीक्षा की तैयारी के लिए स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को जिला कोषालय में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण आगामी 15 सितंबर को होने वाली व्यापमं की छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों के तहत किया गया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में रखी गोपनीय सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कोषालय में व्यापमं परीक्षा से संबंधित 66 परीक्षा केंद्रों की गोपनीय सामग्री रखी जाएगी। कलेक्टर ने गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाए। इस निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं व्यापमं परीक्षा के नोडल अधिकारी अजय उरांव, सहायक नोडल अधिकारी विजय मिश्रा और जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रशेखर मेंडेकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही बरतने के कारण दो सहायक शिक्षक एलबी तत्काल प्रभाव से निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले के कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती नीता मण्डावी एवं नरसिंह मण्डावी को कर्तव्यों के निर्वहन में गम्भीर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं निलंबित उक्त दोनों कर्मचारियों का मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड बड़ेराजपुर निर्धारित किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा उक्त परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव के 2 सितम्बरको आकस्मिक निरीक्षण के दौरान रात्रि में प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास कोण्डागांव परिसर स्थित आवासीय भवन अधीक्षिका निवास में प्रभारी छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती नीता मण्डावी के पति नरसिंह मण्डावी को उपस्थित होना पाया गया। इस सम्बंध में छात्रवास के कर्मचारियों द्वारा सम्बन्धित के प्रतिदिन रात्रि में आने-जाने की पुष्टि भी की गई। प्रभारी छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती नीता मण्डावी के पति नरसिंह मण्डावी वर्तमान में बालक आश्रम कारसिंग में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार महिलाओं-बालिकाओं के संरक्षण के संबंध में राज्य शासन द्वारा तत्काल प्रभाव से जारी समेकित कार्ययोजना के दिशा-निर्देश के तहत कन्या छात्रावास या आश्रमों में पुरुषों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू किये जाने के उपरांत भी श्रीमती नीता मण्डावी प्रभारी अधीक्षका द्वारा नरसिंह मण्डावी को रात्रिकालीन प्रवेश के लिए नहीं रोका जाना अत्यंत आपत्तिजनक है।

## निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड बड़ेराजपुर होगा

### जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी

निलंबन के दौरान उक्त दोनों कर्मचारियों का मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड बड़ेराजपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन दोनों कर्मचारियों को नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### गंभीर कदाचार की श्रेणी में

इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव के जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती नीता मण्डावी के पति नरसिंह मण्डावी वर्तमान पदस्थापना सहायक शिक्षक एलबी बालक आश्रम कारसिंग की प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास कोण्डागांव में प्रतिदिन सुबह-शाम आने की पुष्टि सम्बन्धित प्री-मेट्रिक कन्या छात्रवास कोण्डागांव के कर्मचारियों द्वारा की गई है। यह संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देश का उल्लंघन है। सम्बन्धित का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है और यह गम्भीर कदाचार की श्रेणी में आता है। नरसिंह मण्डावी सहायक शिक्षक एलबी शासकीय बालक आश्रम शाला कारसिंग विकासखण्ड कोण्डागांव को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा : समुचित व्यवस्था करने के लिए हुई ब्रीफिंग

# मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित परीक्षा केंद्रों पर अफसर सतत निगरानी रखें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आगामी 15 सितंबर को आयोजित की जाने वाली छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में समुचित व्यवस्था एवं तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को सम्बन्धित नोडल अधिकारियों,परीक्षा केन्द्रों के केंद्राध्यक्ष एवं समन्वयकों की ब्रीफिंग में परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। वहीं परीक्षा केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी पर जोर दिया। बैठक के दौरान व्यापमं की उक्त परीक्षा सम्बन्धी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत विचार-विमर्श की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली-पानी, शौचालय और फर्नीचर आदि की सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए संबंधित विभागों को अग्रिम रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने कहा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाए, ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

■ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 15 सितंबर को ली जाएगी परीक्षा

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर व्यापमं परीक्षा के नोडल अधिकारी अजय उरांव, जिला समन्वयक डॉ. चेतन राम पटेल और सहायक नोडल अधिकारी विजय मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### 66 केंद्रों में 16 हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि जिले में पहली बार इतने बड़े स्तर पर हो रही इस परीक्षा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। ब्रीफिंग में दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए तैयार हैं और परीक्षा के दिन सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाएगा। ज्ञात हो कि व्यापमं की छात्रवास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में कुल 66 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 16 हजार 507 परीक्षार्थी शामिल होंगे। ब्रीफिंग के दौरान मास्टर ट्रेनर शशिभूषण कन्नौजे ने आब्जर्वर, केंद्राध्यक्ष, और वीक्षकों को उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से अपनी-अपनी भूमिकाओं को गंभीरता से निभाएं।

# पेयजल की व्यवस्था हो, बच्चों के लिए दिया जाए आर्चरी किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जवाहर नवोदय विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने विद्यालय की समस्याओं और आवश्यकताओं से अध्यक्ष को अवगत कराया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर के मार्गदर्शन में प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने सबसे पहले विद्यालय परिसर के बड़े पेड़ों को कटवाने की व्यवस्था की आवश्यकता की बात की। इसके अलावा प्राचार्य ने विद्यालय भवन की छत और दीवारों की मरम्मत की भी मांग की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भवन की स्थिति अच्छा नहीं है। जिससे विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए असुविधा हो रही है। रंग-रोगन की मांग भी उठाई गई। जिसमें प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर की दीवारों और अन्य सतहों पर रंग-रोगन की आवश्यकता है ताकि एक स्वच्छ और आकर्षक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, हैण्डपंप की मरम्मत की भी मांग की गई ताकि छात्रों और स्टाफ को पानी की सुगमता मिल सके। बैठक में बच्चों के लिए आर्चरी किट की मांग भी की गई। प्राचार्य ने बताया कि खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने और छात्रों को अच्छे अवसर प्रदान करने के लिए आर्चरी किट की आवश्यकता है। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर भी प्रबंधों पर चर्चा की गई जिसमें रात में पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की मांग की गई ताकि स्कूल परिसर और उसके आसपास सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्राचार्य ने विद्यालय परिसर के आस-पास की स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की भी मांग की ताकि रात के समय परिसर के आस-पास पर्याप्त रोशनी रहे। बैठक में कोंडागांव एसडीएम सुश्री निकिता मरकाम सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

■ जवाहर नवोदय विद्यालय शाला प्रबंधन समिति की बैठक में हुई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा

# एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत कुल्थी फसल प्रदर्शन लगाने के लिए आदान सामग्री का वितरण कार्यक्रम किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार




आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित ग्राम नाथिया नवागांव में 3 किसान टिकेश जैन, रवि निषाद, जगबती निषाद को कृषि विभाग की संचालित योजना एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत कुल्थी फसल प्रदर्शन लगाने के लिए आदान सामग्री का वितरण कार्यक्रम किया गया।

आदान सामग्री में कृषकों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और 20-20-0-13 खाद निशुल्क वितरण किया। कुल्थी फसल लगाने वाले कृषकों को क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुमेश नाग द्वारा खेत की तैयारी, बुवाई की विधि, खाद देने की विधि, बीज उपचार करने की जानकारी बताया गया। कुल्थी फसल प्रदर्शन कार्यक्रम बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत कृषकों को निशुल्क दिया गया है। जिसके तहत कृषकों का पंजीयन करवाया गया है। उत्पादित बीज को किसान समर्थन मूल्य पर बीज निगम और कृषि विज्ञान केंद्र में विक्रय कर सकता है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत प्रति एकड़ फसल प्रदर्शन के लिए कृषकों को 4 हजार रूपएं की राशि का बीज और आदान सामग्री विभाग द्वारा निशुल्क दिया जाता है। विकासखंड कांकेर में इस वर्ष 20 फसल प्रदर्शन का लक्ष्य दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से रागी, कोदो, उड़द, कुल्थी और अरहर सम्मिलित है। वितरण कार्यक्रम में लेम्पस प्रबंधक कमोद साहू, कृषि विभाग से गुमेश नाग बलवीर सेन उपस्थित रहें।

# क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजूर की नई कमेटी का हुआ गठन, हरपाल बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

पखांजूर में क्रांतिकारी विचार मंच की बैठक 3 सितंबर को रखी गई थी, जिसमें 3 साल बाद सर्वसम्मति से 3 साल के लिए नई कमेटी गठित किया गया है, जिसमें क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजूर में अध्यक्ष हरपाल सिंह, उपाध्यक्ष सत्यब्रत मोहन्त, डॉ. जोजो, आरिफ क़ुरैशी, सचिव डॉ महेश्वर शर्मा, संयोजक कृष्णपाल राणा, सह सचिव चमन बक्शी, रसम बिश्वास, संरक्षण तपन राय, दामेसाय बघेल, कार्यकरणी सदस्य रिखीराम भुआर्य, संतोष ठाकुर, अशोक उर्वशा, शिवाजी पांडे, मुकेश जांगड़े, मोहम्मद जुनैद अख़्तर, श्रीराम पासवान, कृष्णा कौर, प्रसेनजीत हलदार, सुरेश कोरेटी, कार्तिक नागवंशी, आकाश कीर्तनिया, निमाई चंद्र राय, महेश बघेल बनाए को बनाए गए। क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजूर के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि हमारा मंच विगत 3 वर्षों से इस क्षेत्र लोगों एक में काम कर रहा है। हमारे मंच के उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुसार कार्य करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच को बढ़ावा देना, क्रांतिकारी महापुरषों और महिलाओं की जयंती, स्मृति दिवस, शहीद दिवस पर कार्यक्रम कर उनके विचारों और संघर्षों को आम जन तक पहुंचना, अंधविश्वास, पाखंडवाद, छुआ छूत, धर्मवाद, जातिवाद, भेद भाव, असमानता जैसी कुरीतियों के खिलाफ तर्कवादी तरीके से वैचारिक लड़ाई लड़ना, पर्यावरण जागरूकता के सम्बंध में कार्य करना।

### नन्हे छात्र-छात्राओं ने दिया साक्षरता का संदेश

**कोण्डागांव।** जिले के संकुल केंद्र करंजी के नन्हे छात्र छात्राओं ने अपने संस्था एवं संस्था परिसर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को अधिक से अधिक साक्षर होने के लिए प्रेरित किया। स्कूल शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 1 सितंबर से 8 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह व अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने हेतु साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में संयोजक शिक्षक टी. ऐंकट राव के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा संकुल केंद्र करंजी के छात्र छात्राओं ने साक्षरता सप्ताह के द्वितीय दिवस में उल्लास पर केंद्रित सबके लिए शिक्षा पर आधारित गीत, नृत्य, पेंटिंग,पोस्टर बनाओ, संख्यात्मक एफएलएन पर सामग्री निर्माण इत्यादि गतिविधियों मे उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मुखिया का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# शिक्षकों द्वारा काली पट्टी लगाकर किया विरोध, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

भानुप्रतापपुर के एक निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनके टीम पर किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में जिला कांकेर के समस्त शिक्षकों ने आज अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों पर किए गए इस अपमानजनक कृत्यों से जिले भर के शिक्षकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

इस घटना पर जिले के समस्त शिक्षक संगठनों ने सर्व शैक्षिक मोर्चा बनाकर कालीपट्टी लगाकर अपने कार्यस्थल पर कार्य करते हुए इसका विरोध करने का लिया था, जिसका व्यापक असर पूरे जिले भर के स्कूलों में नजर आया।

विद्यालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति ऐसे अमर्यादित आचरण पर जिला कांकेर के समस्त शिक्षकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय विद्या की मंदिर होती है।

विद्यालय अनुशासन, संस्कार और सुचिता के लिए जाने जाते हैं ऐसे में निजी विद्यालय द्वारा शिक्षा विभाग के मुखिया का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी सभ्य समाज इस तरह की घटनाओं का इजाजत नहीं देता। उपरोक्त निंदनीय कृत्य के विरोध में जिला कांकेर के समस्त शिक्षकगण आज अपने-अपने कार्यस्थल पर प्रात 10 बजे से शाम 4 बजे तक अध्यापन कार्य का संपादन करते हुए काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करते उपरोक्त घटना की शासन द्वारा जांच कर दोषी विद्यालय के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# थल सेना के हवलदार ने छुट्टियों के दौरान युवाओं को दिया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** भारतीय थल सेना के 22 मीडियम रेजिमेंट में पदस्थ हवलदार रतीराम शोरी छुट्टियों के दौरान अपने गृहग्राम खंडाम आये हुए थे। इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर प्रतिदिन बच्चों को जिला पुलिस बल और अग्निवीर में चयनित होने के लिये निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया। 2 सितंबर को छुट्टियां खत्म होने पर हवलदार रतीराम शोरी को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदा किया गया। हवलदार रतीराम शोरी ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज कुमार यादव, सचिव उमेश साहू, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक राकेश कुमार, पूर्व सैनिक चंद्रशेखर और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 275 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे।

पेज 09 के शेष...

### अपहरण कर दुष्कर्म...

निवासी 23 वर्षीय विप्लव ढाली द्वारा मुझे नाबालिक जानते हुए भी बहला फुसलाकर भगाकर ले गया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। प्रकरण में धारा 87, 64(2) (ड) बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया।

आरोपी विप्लव ढाली को पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस नेआरोपी को 3 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### तेज बारिश से किसानों...

अच्छा काम किया है, लंबे समय से बारिश नही होने के कारण खेत सूख गए थे व दरारे आने लगी था। तेज बारिश ने कसर पूरा कर दिया, जिससे किसानो को राहत मिलेगी। अब किसान के खेत में दवाई

छिड़काव के लिए पर्याप्त पानी हो गया है। अब निंदाई और दवाई छिड़काव के काम में तेजी आएगी।

### जिले में बाइक...

हो कि अगस्त माह में कांकेर, चारामा, कोरर और भानुप्रतापपुर थाना ईलाके में आधा दर्जन से ज्यादा मोटर सायकल की चोरी के मामले दर्ज हुए है, परंतु अभी तक किसी भी थानेदार के द्वारा एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाएं है, जिसके चलते चोरों का हौसला बढ़ा हुआ है, वहीं लोगों की नींद उड़ गई है।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता...

गाए और विद्यार्थियों ने डिजिटल मतदाता इत्यादि पर केंद्रित पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य ने कहा लोगों को साक्षर करने का प्रेरित करे इस मौके पर समस्त शाला परिवार उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान



**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आगामी 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान में व्यापक जनभागीदारी पर जोर देते हुए शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्र में अभियान के दौरान सभी गतिविधियों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित करने सहित लोगों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित किये जाने कहा। मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नवीन लक्ष्य के अनुरूप आवास निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की और आगामी 15 सितम्बर को हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त के अंतरण हेतु कार्यक्रम आयोजन की तैयारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग इत्यादि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर विजय दयाराम के., सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भादवा मेला 5 से, होंगे विविध कार्यक्रम

**जगदलपुर।** शहर के संतोषी वार्ड, कुम्हारपारा में स्थित श्री रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में भादवा मेला का आयोजन 5 से 14 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसमें विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में अभिषेक 5 सितंबर प्रातः 8:30 बजे से एवं भजन संध्या रात्रि 9 बजे से नारायणपुर के गायक कलाकार द्वारा, मनोकामना पदयात्रा प्रतिदिन प्रातः 8 बजे दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर श्री बाबा रामदेव प्रांगण तक, अखण्ड परिक्रमा 7 सितंबर को प्रातः आरती सांय आरती तक, ध्वजा परिवर्तन 13 सितंबर प्रातः 9 बजे से 10.30 तक, सुप्रसिद्ध गायक कलाकार रामकिशोर दाधीच एवं सोनू कंवर रावणा के श्रीमुख से भव्य जम्मा जागरण 13 सितंबर समय रात्रि 9 बजे से जमाल मिल कुम्हारपारा में, 14 सितंबर को शोभा यात्रा प्रातः 9:30 बजे मंदिर प्रांगण से शहीद पार्क चौक, हनुमान मंदिर चौक, दंतेश्वरी मंदिर चौक, गोल बाजार होते हुए मेन रोड शहीद पार्क चौक बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण तक, आरती (मंदिर में) एवं महाप्रसादी 14 सितंबर को समय दोपहर 1:30 बजे से जमाल मिल में होगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार दहिया ने दी है।

### राज्यपाल से सम्मानित होंगी शिक्षिका मीरा हिरवानी

**जगदलपुर।** शिक्षक दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से लगभग 52 शिक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं



समाज सेवा के लिए राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया जाना निर्धारित है। इसी क्रम में बस्तर जिले से जगदलपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्या क्रमांक 2 में पदस्थ मीरा हिरवानी व्याख्याता (संस्कृत) का भी नाम चयन हुआ। ज्ञात हो कि मीरा हिरवानी व्याख्याता (संस्कृत) वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्या क्रमांक 2 में पदस्थ है। इनकी प्रथम नियुक्ति 22 दिसम्बर 1984 को प्राथमिक शाला बजावण्ड में सहायक शिक्षक के पद पर हुई थी। वहां 7 वर्ष सेवा देने के पश्चात वर्ष 17 जुलाई 1991 को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंडरीपानी में पदस्थ हुई। संस्था में विज्ञान विषय की अध्यापन के साथ-साथ छात्राओं को विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक विकास हेतु प्रयत्न कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। माध्यमिक शाला पण्डरीपानी में 14 साल तक सेवा देने के पश्चात वर्ष 2003 में इनकी पदस्थापना शहर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला जगदलपुर में हुई।

---

सदस्यता अभियान का विधायक ने सदस्यता ग्रहण कर किया शुभारंभ

# संगठन महापर्व को सफल बनाने कार्यकर्ताओं को किया संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान 2024 को लेकर जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भाजपा जिला कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी की उपस्थिति में आज भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने सदस्यता ग्रहण कर किया। भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने कार्यकर्ताओं को अभियान के संदर्भ में प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से मार्गदर्शन करते हुए इस संगठन महापर्व को सफल बनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया।

2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान की शुरूआत की थी। इसके अगले दिन 3 सितंबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आहूत भव्य कार्यक्रम में प्रदेश




अध्यक्ष किरण देव के हाथों सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश में इस अभियान की शुरूवात की थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना हमारे लिए सबसे बड़े गर्व की बात है। भाजपा के विस्तार और मजबूती के लिए ज्यादा-से-ज्यादा सदस्य बनाएंगे और सदस्यता का पूरा डाटा रखेंगे। पार्टी की सभी जिला, मंडल, मोर्चा और प्रकोष्ठों को सदस्यता का निर्धारित लक्ष्य पूरा करना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों तक जाना है। सदस्यता हमारा मूलमंत्र है। आप जितने ज्यादा सदस्य बनाएंगे, जितने ज्यादा सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगे, उतनी ही ज्यादा मजबूती से हम पार्टी को मजबूत करेंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता विजय प्रसाद तिवारी ने कहा कि हमें सदस्यता अभियान में पूरी तन्मयता और लगन से काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाओं को सदस्य बनाना है।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते कहा कि

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान के माध्यम से जोड़ना है।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय प्रसाद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, महामंत्री द्वय संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप, अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुडामी एवं समस्त भाजपा पदाधिकारी सहित जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य उपस्थित हुए।

---

# रंगोली व चित्रकला स्पर्धा में बच्चे हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विकासखण्ड बस्तर के माध्यमिक शाला कुड़कानार में साक्षरता जागरुकता सप्ताह अन्तर्गत रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग

■ माध्यमिक शाला कुड़कानार में साक्षरता जागरुकता सप्ताह आयोजित

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 4 सितंबर को विकासखण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में साक्षरता जागरुकता सप्ताह अन्तर्गत सबके लिए शिक्षा पर केंद्रित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में हंसिका ठाकुर एवं रानु नाग प्रथम, हेमेश्वरी ठाकुर एवं नव्या नाग द्वितीय, चित्र कला प्रतियोगिता में ज्योति कश्यप एवं रिन्की बघेल प्रथम, शिवानी बघेल एवं सरस्वती बघेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, नीरज कुमार कुंजाम, फूल सिंह यादव, शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर, आभा प्रीति एक्का, बीएड के छात्र अध्यापकों में टिकेश्वर साहू, आकांक्षा राजपूत, मधु ठाकुर, भावना साहू, हेरिना दिवान, प्रीति पटेल, रोमा राय, तरुणा पटेल उपस्थित थे।

---

# बेटियों को साक्षर करने शिक्षा आवश्यक

महिला साक्षरता पर हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार में नव भारत साक्षरता के चतुर्थ दिवस महिला साक्षरता से संबंधित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर डॉ.अखिलेश त्रिपाठी ने कहा जीवन की हर सीढ़ी को चढ़ने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। व्याख्याता तुलादास मानिकपुरी द्वारा लोगों को महिला साक्षरता दर को बढ़ाने पर जोर दिया गया। महिला व्याख्याता उषा कश्यप ने कहा कि एक बेटी पढ़ती है,तो उसके द्वारा दो घर को शिक्षित करती है, एक अपने माता-पिता के घर और दूसरा अपने ससुराल को।

आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे हैं, चाहे वो अंतरिक्ष का हो या राजनीति हो या फिर प्रशासनिक क्षेत्र में हो, सभी ओर आगे बढ़ रहें हैं। इसलिए समाज के हर घर के बेटियों को साक्षर करते हुए अनिवार्य रूप से पढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, नृत्य आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर राजेश गुप्ता, बुधराम कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, पीटीआई नोहर सिंह सलाम, आंबा कार्यकर्ता सुनीता त्रिपाठी, विमला बघेल, मितानिन द्रौपदी मिश्रा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# यातायात पुलिस की यातायात पाठशाला





हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं व उनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा

■ फ्लैक्सी, पाम्पलेट और हैंडबुक के माध्यम से किया जागरूक

अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस दंतेवाड़ा के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा नगर के चौक-चौराहों पर बिना हेलमेट फर्राटे भरने वाले दो-पहिया वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट की उपयोगिता एवं महत्व को लेकर जागरूकता का पाठ पढ़ाया। ताकि दुर्घटना होने पर भी होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। इसके अलावा बिना हेलमेट के वाहन चलाते विचरण करने वाले दो पहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठे सवारी को उसकी आवश्यकता के बारे में गंभीरता पूर्वक जानकारी दिया गया, साथ ही वाहन चालकों ने भी इस बात को गंभीरता से लेते हुये भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा न होने की बात कही। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को भी यातायात को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

इस क्रम में आज नगर के गायत्री विद्यापीठ स्कूल में लगभग 300 स्कूली बच्चों को जागरूक कर यातायात निर्देशिका का वितरण किया गया। इस पहल से आमजनों में भी यातायात पुलिस की इस सार्थक पहल का असर नजर आता दिख रहा है। इस दौरान पुलिस मुख्यालय रायपुर (यातायात) से आम-जनता में सड़क जागरूकता फैलाने हेतु बड़े पैमाने पर पॉकेट बुक, पॉम्पलेट और फ्लैक्सी वितरण किया जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक थानसिंह देशमुख, श्याम लाल राना, आरक्षक वेद प्रकाश, मनोज ध्रुव एवं विरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

---

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष सप्ताह पर विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक बनने की जताई इच्छा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतारकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को मान्यता देते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया।

अंतरिक्ष मिशनों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए एक चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना, भारत की अंतरिक्ष गाथा विषय पर प्रथम राष्ट्रीय

■ भारत की अंतरिक्ष गाथा विषय पर चित्रकला, व्याख्यान, क्विज एवं मॉडल प्रस्तुति आयोजित

अंतरिक्ष दिवस 2024 मानते हुए एक सप्ताह का कार्यक्रम इसरो भारत सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, विज्ञान भारती और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन एवं यूनिवर्सल साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन काउंसिल इंडिया के सहयोग से दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर



इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त इसरो वैज्ञानिक पीएसएलवी एमके1 कोर टीम सदस्य तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सहकर्मी चेन्नई प्रोफेसर एलंगोवन राजगोपालन ने ऑनलाइन माध्यम से वक्ता के रूप में जुड़ कर अंतरिक्ष और इसरो मिशन पर प्रेजेंटेशन दिया और छात्रों के विभिन्न सवालों को सरल उत्तर से समझाया।

कार्यक्रम संयोजक तथा व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ ने बताया कि दैनिक जीवन में वैज्ञानिक नवाचार सोच के अनुप्रयोग के माध्यम से दुनिया एवं समाज पर अंतरिक्ष अन्वेषण के महत्वपूर्ण प्रभाव पर प्रकाश डाला जा सकता है। भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश बन गया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं कौशल के विकास हेतु विद्यालय में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक सप्ताह कार्यक्रम में चित्रकला, व्याख्यान एवं क्विज, मॉडल प्रस्तुति विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया गया। के चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद दुर्लभ संसाधनों के आदान-प्रदान और दुनिया भर में नई प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग के लिए इस कार्यक्रम की प्रासंगिकता को उपस्थित सभी छात्रों ने महसूस कर वैज्ञानिक बनने की इच्छा जताई। एकेआईएफ छत्तीसगढ़ व ओडिशा राज्य समन्वयक अमुजुरी विश्वनाथ ने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2023 के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर दंतेवाड़ा केंद्र से कुल 75 बच्चें व एक शिक्षक ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन में शामिल हुए और 150 पिको सैटेलाइट लॉन्च कर 4 विश्व कीर्तिमान हासिल कर जिला तथा राज्य का गौरव बढ़ाया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य गोपाल पांडे, उप प्राचार्य प्रमोद गुप्ता, अधीक्षक रवि प्रकाश ठाकुर, अधीक्षिका सुषमा दास एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी।

---

# बचेका में नियमित हो रही योग कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नियमित योगाभ्यास द्वारा तन के साथ मन भी स्वस्थ्य रहता है। योग व्यक्ति को समाज में तो जोड़ता ही है साथ ही परमात्मा के साथ भी जुड़ने का साधन है। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज भवन में बिहार योग विद्यालय मुंगेर से संबंधित शिवम योग समिति जगदलपुर द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 बजे तक निशुल्क योग किया जाता है। योग प्रशिक्षक द्वारा प्रतिदिन ध्यान, आसन प्राणायाम का अभ्यास कराया जाता है, शनिवार को महामृत्युजंय मंत्र का जाप भी होता है। योगाभ्यास से जुड़ने के इच्छुक व्यापारीबंधु एवं आमजन किशोर पारख एवं तरूण राठी से संपर्क कर नियमित योग कक्षाओं से जुड़ सकते है।

---

## विश्वकर्मा समाज ने कराया पौधारोपण...




**जगदलपुर।** जिला प्रशासन की ओर से विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने बुधवार को नकटी सेमरा में पौधरोपण किया गया। इसमें सुदर्शन विश्वकर्मा, डायमंड शर्मा, रंजीत शर्मा, आनंद शर्मा, देवानंद शर्मा आदि शामिल रहे।

---

# रसोइयों ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विकासखण्ड बस्तर संकुल केंद्र लामकेर के प्राथमिक शाला छेपड़ापारा झारतरई में आज शाला में उपस्थित 21 बच्चों को रसोईया बलराम, डमरू एवं सफाई कर्मचारी जयराम द्वारा न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में खीर, पूड़ी, आलू मटर की सब्जी, चावल शामिल था। बता दें कि रसोईया एवं सफाई कर्मचारी अल्प मानदेय में शालाओं में कार्य करते है व उनके द्वारा न्योता भोज का आयोजन करना समुदाय का शाला से जुड़ाव को दर्शाता है।

### अनुकरणीय पहल

इस संबंध में खंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि रसोईया एवं सफाई कर्मचारी द्वारा न्योता भोज का आयोजन करना अनुकरणीय पहल है। इससे प्रेरित होकर समुदाय की सक्रिय भागीदारी शाला में बढ़ेगी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 9 सितंबर को होने वाली रैली व प्रदर्शन पर हुई बैठक



**पखांजूर।** युक्तियुक्तकरण 2024 एवं ऑनलाइन अवकाश के प्रावधानों को लेकर शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षक अब खुलकर इसके विरोध में खड़े हो गए हैं। सभी शिक्षक संगठन एकजुट होकर संघर्ष करने और 9 सितंबर को कांकेर में विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। युक्तियुक्तकरण के निर्देशों के लागू होने से शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षकों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के मद्देनजर कोयलीबेड़ा विकासखंड में सक्रिय सभी शिक्षक संगठनों की बैठक पखांजूर में आयोजित की गई, जिसमें इन विषयों पर गंभीर विचार विमर्श करते हुए एकजुट होकर 9 अगस्त को जिला स्तरीय रैली एवं धरना प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक एवं सांसद को ज्ञापन सौंपकर युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक पहल करने आग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

**कांकेर ।** छोटेबेठिया थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 62 स्वरुप नगर निवासी अनिल मंडल का ईलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की 11 जून को स्वास्थ्य खराब होने के कारण ईलाज के लिए रायपुर अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां पर ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### विद्याज्योति स्कूल से 20 खिलाड़ियों का चयन

**जगदलपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई द्वारा आयोजित बेडमिंटन ईस्ट जोन प्रतियोगिता 5 से 8 सितम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में शहर के विद्या ज्योति स्कूल से 20 खिलाड़ी कोच, पीटीआई सुश्री मकसुदा हुसैन और गजेंद्र के मार्गदर्शन खिलाड़ी अपना बैडमिंटन कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष बालक-बालिकाओं की होगी। मैच में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडि़यों को सीबीएसई की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# गुजरात की क्रिएटिव लर्निंग कार्यशाला में जिले के छह शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत भारत सरकार की मंशा अनुरूप देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान जिसमें आईआईटी गांधीनगर गुजरात के साथ मिलकर गणित एवं विज्ञान के शिक्षकों की क्रिएटिव लर्निंग कार्यशाला हेतु 29 अगस्त से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय कार्यशाला में जिले के 6 व्याख्याता जिसमे अखिलेश शर्मा शासकीय उ. मा. वि. सिंगारभांट, यशवंत जैन शासकीय उ. मा. वि. धनेलीकन्हार, गुलाब चंद सोन शासकीय उ. मा. वि. दुधावा, डी. एस. निषाद स्वामी आत्मानंद उ. मा. वि. पटौद, चंद्र शेखर महलवार शासकीय उ. मा. वि. कोकानपुर, लखन लाल साहू शासकीय उ. मा. वि. मोदे ने जिला कांकेर का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ राज्य से 50 शिक्षकों का चयन परीक्षा के माध्यम से मेरिट आधार पर हुआ। सभी व्याख्याताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गजब का उत्साह बना हुआ है व्याख्याता अखिलेश शर्मा ने बताया कि वे अब बच्चों को नए तरीके से पढ़ाएंगे जिससे वे उस विषय को जल्दी समझ सकेंगे।

व्याख्यता यशवंत जैन ने ऐसे बहुत से छोटे छोटे माडल का निर्माण कम खर्चे पर बड़ी आसानी से कर के अध्यापन कराने कहा जिससे बच्चों में ज्ञान चीर स्थाई बना रहे। तो वहीं गुलाब सर ने इस कार्यशाला को बहुत महत्वपूर्ण बताया और वहां से सीखे ज्ञान को बच्चों में फैलाने की बात कही।

**बच्चों को नए तरीके से पढ़ाया जाएगा**



**अनुभव किया शेयर**

डी. एस. निषाद ने आई. आई. टी. में सीखे अपने अनुभव को बताया। शेखर महलवार ने इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन हेतु एम सुधीश समग्र शिक्षा रायपुर, व कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार चापेकर, व आई. आई. टी. गांधीनगर की जमकर तारीफ की व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दिया। इस आयोजन से सभी व्याख्याताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसे वे अपने छात्रों को देंगे।

## शिक्षक दिवस : नयी शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ साथ कौशल विकास पर है जोर

# शालेय शिक्षा शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और अध्यात्मिक विकास की करें वकालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



5 सितंबर संपूर्ण भारत वर्ष में शिक्षक दिवस हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डाक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षकों के योगदान को स्वीकार करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षकों से शिक्षा , शिक्षालय एवं शिक्षण के संदर्भ में उनके दृष्टिकोणों एवं विचारों को जानने का प्रयास किया गया ।

### नयी शिक्षा नीति, कौशल विकास पर केंद्रित है : मोनिषा

व्याख्याता मोनिषा मरई का मानना है कि नयी शिक्षा नीति -2019 शिक्षा के साथ साथ कौशल विकास पर जोर देता है,आशय यह है कि पाठ्य-पुस्तकों व पाठ्यक्रम के साथ शिक्षार्थी अपने अध्ययन के दौरान व्यवसायिक हुनर भी सीख सके, जिससे भविष्य में अपने श्रम शीलता के आधार पर अपने जीवन को संवार सके अर्थात केवल और केवल सरकारी नौकरी के लिए लालायित ना हो।

### पाठ्यक्रम स्थानीय संस्कृति एवं संस्कारों के अनुकूल हो : दुष्यंत सोनकर

एनसीसी अधिकारी एवं शिक्षक दुष्यंत सोनकर के विचार से प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर शालेय पाठ्यक्रम पश्चिम साहित्य से प्रभावित नहीं होना चाहिए,वरन समाज के शैक्षणिक संस्कारों और संस्कृति से बंधे होना चाहिए, जिससे बच्चों में बाल्यावस्था में ही अच्छे संस्कार हो व भविष्य में विद्रुप घटनाओ के प्रति आकर्षित ना हो सकें।

### शिक्षा के माध्यम से संपूर्ण विकास हो : मोनिका जुर्री

व्याख्याता मोनिका जुर्री यह कहती हैं कि शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक,और अध्यात्मिक विकास होना चाहिए तभी सही मायने में शिक्षा की सार्थकता पुर्ण होगी एवं भविष्य में बच्चे नागरिक कर्तव्यो एवं राष्ट्र दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए अपने जीवन को सफल कर पाएंगे

### शिक्षण, पर्यावरण केंद्रित होना चाहिए : तोमेश्वरी

हेल्थ केयर की शिक्षिका तोमेश्वरी मानकर के दृष्टिकोण से शिक्षण के हर पहलू को पर्यावरण से जोड़ना चाहिए जोकि आज की आवश्यकता है। पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से बच्चे प्रकृति और जैव विविधता के प्रति जागरूक, कल्पना शील एवं सृजन शील बनते हैं ,साथ ही तर्क करना , पुछताछ करना, विश्लेषण करना, प्रश्नों को परिभाषित करना, व्याख्या करना , मुद्दो को हल करना , समाधान विकसित करना , के गुणों का विकास होता है।

### छत्तीसगढ़ राज्य में वैज्ञानिक शिक्षा हो : नितिन ध्रुव

विज्ञान के व्याख्याता नितिन ध्रुव का मानना हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी बाहुल्य राज्य हैं जहां परंपरागत ज्ञान संपदा परिपुर्ण है, वैज्ञानिक शिक्षा के माध्यम से राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नया आयाम दिया जा सकता हैं , एवं बाल वैज्ञानिक तैयार कर बच्चों में वैज्ञानिक चेतना एवं ज्ञान का सदुपयोग जीवन कौशल के निर्माण में किया जा सकता है

### शिक्षा में पुर्ण गुणवत्ता प्रबंधन के माध्यम से आ सकती है :अनुपम जोफर

वाणिज्य के व्याख्याता एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक अनुपम जोफर का मानना है कि शिक्षा में पुर्ण गुणवत्ता कार्य के लिए पुर्ण प्रबंधक प्रतिबद्धता के साथ प्रत्येक संस्था में स्थापित करे, सुधारात्मक प्रक्रियाएं को आरंभ करें, नेतृत्व कर्ता नवीन विचारों के साथ परियोजनाओं का निर्माण करें संस्था में हर एक को उसकी क्षमताओं एवं योग्यताओ के आधार पर कार्य पर लगाएं ताकि परिवर्तन को प्राप्त किया जा सके,सेवा में प्रशिक्षण को स्थापित करें एवं नवीन विचार धारा एवं तकनीको को अपनाएं।

अंत में सभी शिक्षक साथियों का मत था कि 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना संविधान के निर्माण के समय से ही राष्ट्र का घोषित लक्ष्य रहा है जिसे शिक्षक पालक समाज एवं सरकार के समन्वित प्रयास से इस लक्ष्य को आसानी से पाया जा सकता है।

### शिक्षक अपनी गरिमा व दायित्व समझे : भारती देवांगन

हिन्दी विषय की व्याख्याता भारती देवांगन जी का मत है कि आज शिक्षक को अपनी गरिमा को सार्थक करने के प्रति अधिक ध्यान देना चाहिए साथ ही अपने आचरण और रहन सहन के द्वारा छात्र छात्राओं के मध्य अपनी छाप छोड़नी चाहिए,उनका मानना है कि शिक्षक केवल कहने सुनने के द्वारा अपना प्रभाव उतना नहीं छोड़ता जितना कि अपने व्यक्तित्व के माध्यम से छोड़ता है अतः आचार्य देवो भवः को पुनःस्थापित करने की आवश्यकता है

### युक्तियुक्तकरण की समस्या तार्किकता के साथ हो : राजेन्द्र नेताम

व्याख्याता भुगोल के शिक्षक राजेन्द्र नेताम जी का विचार है कि राज्य शासन युक्तियुक्तकरण की समस्या व्यवहारिकता एवं तार्किकता के साथ हल करें,समय की गति के साथ शिक्षा में समस्याएं आना स्वाभाविक है पर उन समस्याओं का निराकरण प्रजातांत्रिक तरीके से हो एवं नयी शिक्षा नीति 2019 की अवधारणा स्कूल काम्प्लेक्स की नीतियों को लागू,किया जाना चाहिए आंकड़े 2001 की जनगणना में बताते हैं की 5-14आयु समुह में 20.4 करोड़ बच्चों में से लगभग 10.4 करोड़ बच्चे स्कूल गये थे और शेष 10.5 करोड़ स्कुल नहीं गये,यह संख्या वास्तव में चिंता जनक हैं।

## स्वच्छता पखवाड़े में छात्रों ने की गलियों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक शाला तालाकुर्रा मे स्कूली छात्र- छात्राओं ने ग्राम भ्रमण कर साफ सफाई किया एवं लोगो को गांव के चौराहे गलियों और नालियों में कचड़ा फैलाने से मच्छर पैदा होकर डेंगू मलेरिया जैसे भयानक रोग फैलाते है। जिसके बारे में नारों के माध्यम से जागरूक करने की कोशिश किया। विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा ग्रामीणों में जागरूकता लाने व साफ सफाई अभियान से जुड़ने हेतु ग्राम भ्रमण के माध्यम से सफाई का सन्देश दिया। इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान अध्यापक लीलाम्बर नरेटी, विजय देवांगन, नितिका यादव कु. निशा यदु, रोमती यदु,भगवनतिन नरेटी, मिड डे मील आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित व सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## सदस्यता अभियान का आज होगा शुभारंभ

**चारामा।** सदस्यता अभियान 2024 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रदत्त सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र को आत्मसात कर भारतीय जनता पार्टी का भाजपा मंडल चारामा का आज 5 सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू होगा। मंडल स्तर के शुभारंभ का कार्यक्रम 5 सितंबर को को दोपहर 12 बजे होगा। उक्ताशय जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने दिया।

## भानुप्रतापपुर पुलिस ने सटोरिया को दबोचा, कई सटोरिए अभी भी है सक्रिय




**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सुभाषपारा में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए सट्टा खिला रहे सटोरिए को नगदी का कारोबार करते हुए पकड़ा और उसके कब्जे से 3 हजार 700 रुपएं नगदी, 11 नग कागज की पर्ची व एक पेन को जप्त कर आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि 3 सितंबर को शाम पौन 7 बजे आरोपी अपने घर के सामने बस्ती गली में विभिन्न अंको में रूपएं पैसों का दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिखकर अधिक रकम मिलने का लालच देकर जुआ खिलवा रहा है। जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर भानुप्रतापपुर थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 10 सुभाषपारा भानुप्रतापपुर निवासी 38 वर्षीय चेतन शर्मा पिता रमेश शर्मा को पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखकर जुआ का कारोबार करते हुए रंगे हाथो पकड़ा। सटोरिया के कब्जे से 11 नग कागज की पर्ची में अंकों में लिखा सट्टा पर्ची व नगदी रकम 3 हजार 700 रूपएं एवं एक नग डाट पेन को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 6 (क) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## घरेलू बातों को लेकर दो भाइयों में हुआ विवाद, मारपीट का दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** भापुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कोटपारा आमाकड़ा में घरेलू बातों के लेकर दो भाईयों में विवाद हो गया, विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। बड़े भाई ने छोटे भाई को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे कोटपारा आमाकड़ा निवासी 32 वर्षीय अमीर बाई नरेटी पति हीरालाल नरेटी ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करती हूँ और 2 सितंबर को पोला त्यौहार होने के कारण मैं घर में खाना खाकर मेरी मायके जो कोटपारा आमाकड़ा में ही है। मैं वहां घूमने के लिए गई थी। शाम करीबन 6 बजे अपने घर आई तो मेरी लड़की नेहा नरेटी ने बताया कि आपके जाने के बाद करीबन डेढ़ बजे पिता हीरालाल नरेटी और बड़े पिता हीरे सिंह नरेटी दोनो घरेलू बातों को लेकर लड़ाई झगड़ा हो रहे थे तभी बडे पिता व उसका बेटा सुमन नरेटी ने मिलकर मेरे पीता को गाली देते हुए आज तुमको जान से मारकर खत्म कर देगें कि धमकी देते हुए दोनों डंडा से मारपीट किए है। मारपीट करने से मेरे पति का दोनो पैर व हाथ में चोट आई है। घटना को मेरी बेटी नेहा नरेटी व सास सोमारी बाई नरेटी ने देखे व सुने व बीच बचाव किए। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



खबर के साथ फोटो—-04—-

## छड़ चोरी करने वालों को ग्रामीणो ने पकड़ा ग्रामीणों ने चोरों को पुलिस के किया हवाले

**कांकेर।** दुधावा चौकी के अंतर्गत धनोरा में कांप्लेक्स बनाने के लिए रखी निर्माण सामग्री को चोर चोरी करके ले जा रहे थे। कांप्लेक्स मालिक और गांव वालो ने आरोपी को पकड़कर थाने में सौपा, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे धनोरा निवासी 36 वर्षीय रुपेश भास्कर पिता भीखारी भास्कर ने पुलिस को बताया कि गांव वालों के द्वारा धनोरा बजरंग बली चौक के पास मुझे और जयपाल कोड़ोपी, कनस धनकर, दिनेश मरकाम, बिसाहू भास्कर, छबीलाल भास्कर को कांप्लेक्स दुकान बनाने के लिए जमीन दिया गया है, जहां पर दुकान बनाने के लिए छड़, गिट्टी, रेत गिराकर रखा हूं। दुकान बनाने के लिए रखा हुआ सामान धीरे धीरे करके चोरी हो रहा था, पता नहीं चल रहा था। चोरी की पतासाजी करने के लिए हम लोग नजर बनाके रखे हुए थे। 4 सितंबर को सुबह करीबन 10 बजे के समय जयपाल कोड़ोपी ने देखा कि धनोरा के बीरबल विश्वकर्मा अपने साथी विजय खिलाड़ी के साथ मिलकर छड़ को चोरी करके वाहन क्रमांक सीजी 24 एम 9038 में डालकर ले जा रहा था, जिसे देखकर गांव के जयपाल कोड़ोपी ने हम सबको बुलाया तभी रूपेश भास्कर, कनस धनकर, बिसाहू भास्कर, दिनेश मरकाम, छबीलाल भास्कर पहुंचे और सभी ने बीरबल को छड़ के संबंध में पूछा कि रूपेश का छड़ क्यों ले जा रहे थे, तो वह बोला की चोरी करके बेचने जा रहा हूं। गांव वालों के साथ मिलकर गाड़ी को पकड़कर रखा हूं। छड़ की कीमत 6 हजार रुपएं को बीरबल विश्वकर्मा और उसके साथी विजय खिलाड़ी के द्वारा चोरी कर ले जाया जा रहा था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3 (5), 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## डोड़काएनहुर को नई पंचायत बनाने की मॉंग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम जुई, लाटमरका, निरोंडाडीह, डोड़काएनहूर के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ को ज्ञापन सौंपकर ग्राम डोड़काएनहुर को नए ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग किया है। ग्रामीण अमर जाड़े, श्यामलाल कुमेटी, रायधेर नेताम, मनसा वट्टी ने जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ को लिखित आवेदन देकर नए ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग किया है। इन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि जुई, लाटमरका, निरोंडाडीह, डोड़काएनहूर बीहड़ जंगलों में बसे हुए हैं। यहां विकास नहीं हो रहा है, ग्राम पंचायत मुख्यालय दूर होने के कारण इन चारों गांवों के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी भी नहीं मिलती है। इसलिए चार गांव को मिलाकर एक पंचायत का दर्जा दिया जाए ताकि सभी गांवों का विकास हो और आम लोगों को सरकारी योजना का सीधा लाभ मिल सके।

# छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की हुई बैठक, दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के जिले में आयोजन के लिए आज केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। पारदर्शी परीक्षा के आयोजन के साथ परीक्षार्थियों की सुविधा का भी रखें ध्यान रखे जाने का निर्देश कलेक्टर ने दिया।

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जिले में भर्ती परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी आयोजन के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। ऐसे में परीक्षा के आयोजन के दौरान सभी आवश्यक तैयारी के साथ पूरे सतर्कता बरतें, जिससे किसी भी तरह की चूक की गुंजाइश न हो। उन्होंने कहा कि नए-नए तकनीकि और सोशल मीडिया के कारण परीक्षा के दौरान सावधानी बरतनी आवश्यक है। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को भी किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। सभी पर्यवेक्षक गंभीरता से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए जिले में पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा के आयोजन कराने में अपना योगदान दें। परीक्षा के दौरान व्यवसायिक परीक्षा मंडल के प्रत्येक दिशानिर्देश का पालन करते हुए सतर्कता के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी (द) भर्ती परीक्षा आगामी 15 सितम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह 12 बजे से दोपहर सवा 2 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 18 हजार 151 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के साथ प्रवेश कर सकेंगे। 12 बजे से परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी और सवा 12 के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बैठक में शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समन्वयक डॉ सरला आतरम द्वारा परीक्षा आयोजन की प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स द्वारा भी पारदर्शी ढंग से परीक्षा कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, सहायक नोडल अधिकारी संचालक स्कूल शिक्षा लक्ष्मण कावड़े सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक उपस्थित रहें।

